प्रयागराज में डाटा सेंटर का रास्ता साफ

निवेश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा प्रदेश में आधुनिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण पहल की गई है। यूपीसीडा द्वारा मै. एयरटेल एनएक्सट्रा प्राइवेट लिमिटेड को गुरुवार को प्रयागराज स्थित औद्योगिक क्षेत्र सरस्वती हाईटेक सिटी में 10 मेगावाट क्षमता के डाटा सेंटर की स्थापना के लिए 4.43 एकड़ भूमि (प्लॉट संख्या-5 एवं 7) के लिए पांच नवम्बर 2026 को लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया गया है।

मै. एयरटेल एनएक्सट्रा प्राइवेट लिमिटेड भारती एयरटेल समूह की डाटा सेंटर क्षेत्र में कार्यरत कंपनी है। यह भारत में हाइपरस्केल और एज डाटा सेंटर का व्यापक नेटवर्क संचालित करती है और उद्यमों, क्लाउड सेवा प्रदाताओं और विभिन्न संस्थानों को सुरक्षित एवं विश्वसनीय डाटा सेंटर सेवाएं उपलब्ध कराती है।



प्रयागराज के सरस्वती हाईटेक सिटी में 10 मेगावाट क्षमता के डाटा सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव प्रदेश में आधुनिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

डॉ. बलकार सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा

करीब 220 करोड़ का निवेश, तीन सौ को रोजगार

इस परियोजना मे कंपनी द्वारा लगभग ₹220 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव है। परियोजना के क्रियान्वित होने पर क्षेत्र में लगभग 300 लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की सभावना है। परियोजना डाटा सेंटर एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।